कुशाभाऊ ठाकरे
पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय

काठाडीह, पोस्ट ऑफिस – सुन्दर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492013
दूरभाष : 0771 2779202 फैक्स : 0771 2779210 ई–मेल examination.ktujm@gmail.com

क्रमांक...733.../ परीक्षा/2021 रायपुर, दिनांक 25/09/2021

प्रति,

1. विभागाध्यक्ष,
   समस्त विश्वविद्यालय अध्ययन शाला
   कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार
   विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

2. प्राचार्य,
   समस्त संबद्ध महाविद्यालय
   छत्तीसगढ़

विषय – सेमेस्टर की परीक्षा जनवरी–जून 2021 हेतु आवश्यक निर्देश प्रेषण।

––

विषयान्तर्गत जनवरी–जून 2021 में आयोजित होने वाली सभी सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवश्यक निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है यह निर्देश महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला/विभाग के समस्त संबंधित विद्यार्थियों को ई–मेंल/वेबसाइट/दूरभाष आदि के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ. आनंद शंकर बहादुर)
कुलसचिव

पृ. क. ...734.../ परीक्षा/2021 रायपुर, दिनांक ...25.../09/2021

प्रतिलिपिः–

1. सचिव छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा, संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर अटल नगर।
3. कुलपति के निज सहायक, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को पत्र के साथ संलग्न आवश्यक निर्देश विश्वविद्यालय के वेबसाइट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी, समस्त विभाग, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
6. सूचना पटल।

कुलसचिव

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय

काठाडीह, पोस्ट ऑफिस – सुन्दर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492013
दूरभाष : 0771 2779202 ई–मेल examination.ktujm@gmail

//सेमेस्टर की परीक्षा जनवरी–जून 2021 हेतु आवश्यक निर्देश//

01. यह परीक्षा छ.ग. राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय तथा सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के सभी सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।

02. विश्वविद्यालय की जनवरी–जून 2021 में आयोजित होने वाली सभी सेमेस्टर की एटीकेटी तथा मुख्य परीक्षाएं दो चरण में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण में अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा दिनांक 04/10/2021 से प्रारंभ होगी तथा शेष सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि पृथक से जारी की जायेगी। परीक्षा का समय प्रातः 09:00 से 11.00 बजे तक रहेगा।

03. कोरोना महामारी से उत्पन्न विषम परिस्थिति के कारण प्रश्न पत्र के स्वरूप में परिवर्तन किया गया है जिसके अनुसार प्रत्येक विषय/प्रश्न–पत्र में 10 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिनमें से किन्ही 05 प्रश्नों के उत्तर (200 शब्द की सीमा में) परीक्षार्थी द्वारा दिए जाएंगे। प्रश्न पत्र का उत्तर देने हेतु परीक्षार्थी के पास 02 घंटे का समय होगा।

04. परीक्षार्थियों को अपने घर पर रहकर परीक्षा देनी होगी। प्रश्न पत्र परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पूर्व (अर्थात 08:30 बजे) ऑनलाइन, ईमेल, विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के विभागाध्यक्षों द्वारा बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से परीक्षार्थियों को भेजा जायेगा। इस हेतु विभागाध्यक्षों द्वारा संबंधित विद्यार्थियों का व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किया जायेगा।

05 उत्तर पुस्तिका के संबंध में निर्देश :–

I परीक्षार्थी अपने उत्तर A4 साईज पेपर में लिखेंगे, जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर उन्हें पेज नंबरिंग, विभाग का नाम, कक्षा, रोल नंबर एवं विषय/प्रश्न पत्र का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। इस प्रकार परीक्षार्थियों को स्वंय घर पर उत्तर–पुस्तिका का निर्माण करना होगा।

II विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर आवश्यक जानकारी दर्ज करने हेतु प्रारूप वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा तथा अन्य ऑनलाइन माध्यमों से भी परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा उक्त प्रारूप को डाउन लोड कर तथा उसका प्रिंट आउट निकालकर उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के रूप में संलग्न करना होगा।

III यदि किसी परिस्थिति में परीक्षार्थी उक्त प्रारूप को डाउन लोड न कर पाए तो प्रारूप को हाथ से लिखकर भी प्रथम पृष्ठ का निर्माण किया जा सकता है।

निरंतर पृष्ठ क्रमांक 02 पर ....

REGISTRAR
KUSHABHAU THAKRE PATRAKARITA
AVAM JANSANCHAR UNIVERSITY
KATHADIH, RAIPUR (C.G.)

06 **उत्तर पुस्तिका जमा करने हेतु निर्देशः–**

I विद्यार्थियों द्वारा लिखित उत्तर पुस्तिका अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययन शाला में परीक्षा समाप्त की तिथि से तीन दिन के अन्दर जमा करना अनिवार्य है।

II विद्यार्थी समस्त उत्तर पुस्तिकाओं को एकजाई कर एक लिफाफे में डालकर व्यक्तिगत रूप से अध्ययनशाला/महाविद्यालय में जमा कर जमा करने की रसीद प्राप्त कर लेंगे। जो विद्यार्थी स्वयं आने में असमर्थ है वे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययन शाला के पते पर भेंजेगे तथा डाक से भेजेने की सूचना अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययन शाला के विभागाध्यक्ष/प्राचार्य को देंगे।

07 परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिकाओं को प्रेषित करने से पूर्व उन्हें स्कैन कर अपने पास सुरक्षित रख लें ताकि किसी आकास्मिक स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर उसे उपलब्ध करा सकें।

08 कोरोना के संक्रमण को देखते हुए शैक्षणिक सत्र 2020–21 की परीक्षाओं के उपरान्त होने वाले पुर्नमूल्यांकन के संबंध में दिये गये नियमों को शिथिलीकरण किया जाता है अतः शैक्षणिक सत्र 2020–2021 की परीक्षा में विद्यार्थियों को पुर्नमूल्यांकन की सुविधा प्रदान नहीं की जायेगी।

कुलसचिव

कुशाभाऊ ठाकरे

पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

उत्तर पुस्तिका

परीक्षार्थी का अनुक्रमांक ☐☐☐☐☐☐☐

अनुक्रमांक शब्दों में .....

.....

.....

परीक्षार्थी का नामांकन ...../.....

सेमेस्टर .....

प्रश्न पत्र/विषय का नाम .....

.....

परीक्षा दिनांक — दिन ☐☐ माह ☐☐ वर्ष ☐☐☐☐

मूल्यांकनकर्ता के उपयोग हेतु

प्रश्न क्र.	प्राप्तांक	
	अंकों में	शब्दों में
01		
02		
03		
04		
05		
06		
07		
08		
09		
10		
योग		
योग शब्दों में		

परीक्षक के हस्ताक्षर

कोड :–